## सार-समाचार

### जयकारों से मार्ग हुआ भक्तिमय

**करौली, (निसं)।** करौली जिले में कैला माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। लाखो श्रद्धालु माता के दरबार कि ओर आस्था से बढ़ रहे हैं। भक्त भक्ति गीतों पर नाचते-गाते, जयकारे लगाते हुए पदयात्रा कर रहे हैं। वही जिला कलेक्टर एव पुलिस अधीक्षक मेले पर पूरी तरह निगरानी बनाये हुए है। उत्तर भारत के प्रमुख शक्ति पीठ तीर्थ स्थल आस्थाधाम कैलादेवी मंदिर में श्रद्धालु लंबी कतारों में लगकर माता के दर्शन कर रहे हैं। भक्तगण सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का अनूठा दृश्य दिख रहा है। पदयात्रियों कि सुविधा के लिए मंदिर से करौली जिले कि सीमा तक जगह-जगह भंडारे लगे हैं। श्रद्धालुओं को चाय-नाश्ता, भोजन, विश्राम, स्नान और चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे उनकी यात्रा सुगम बन रही है। धार्मिक माहौल को भव्य बनाने के लिए जगह-जगह सजीव झांकियां और रथ यात्राएं निकल रही हैं। श्रद्धालु डीजे और ढोल-नगाड़ों कि धुन पर भक्ति गीत संगीत गाते चल रहे हैं। माता के जयकारे लगा रहे हैं। करौली में कैलामाता कि यह भव्य पदयात्रा पूरे जिले को भक्ति के रंग में रंग रही है। माता के प्रति यह अपार आस्था हर भक्त के मन में सकारात्मक ऊर्जा भर रही है। मेले मे उमडती भीड को देखते हुए जिला प्र'ाासन व पुलिस प्र'ाासन पूरी तरह से सजग और मुस्तेद नजर आ रहा है गुरूवार रात्रि को जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजे'ा ज्योति उपाध्याय सहित संबन्धित विभागो के अधिकारी मंदिर के मुख्य सडक मार्ग से होते हुए मंदिर तक पहुँचे इस दौरान उन्होने रास्ते मे प्रका'ा व्यवस्था, सफाई, पेयजल आदि कि जानकारी लेते हुए पदयात्रियो से चर्चा कि मेले को देखते हुए जिले कि सीमा कि चारो तरफ से आ रहे पदयात्रियो कि सुविधा और सुरक्षा को लेकर पुलिस वाहन गस्त करते नजर आ रहे हैं।

### तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**भरतपुर, (निसं)।** उप तहसील मुख्यालय लखनपुर स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य आरोग्य धाम मंदिर मे चिकित्सक की नियुक्ति की मांग को लेकर समाजसेवी एडवोकेट महेश लखनपुर के नेतृत्व मे ठाामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम नायब तहसीलदार दीपा यादव को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्राामीण भी मौजूद रहे और उन्होंने अपनी मांग को लेकर सरकार व प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया ज्ञापन के माध्यम से महेश लखनपुर ने अवगत कराया कि उप तहसील मुख्यालय लखनपुर स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य आरोग्य धाम मंदिर से 44 राजस्व गांव जुडे हैं लेकिन चिकित्सक का पद रिक्त होने के कारण ठाामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में भारी परेशानियों का सामना करना पडता है ठाामीणों ने बताया की ईलाज के अभाव में लोगों को 15-20 कि.मी दूर स्थित अस्पतालों का रुख करना पड़ता है जिससे कई बार गंभीर मरीज़ों को समय पर ईलाज नहीं मिल पाता है।

### त्रिमूर्ति देवी माँ की मूर्ति का विसर्जन

**भुसावर, (निसं)।** आश्रम से हर वर्ष की अलग-अलग इस वर्ष भी अद्वितीय ज्योति पद यात्रा राजराजेश्वरी मां काला देवी भवन करौली पद यात्रा शैतान पाड़ा देवी का मंदिर से पूजा कर अभिषेक हुई। पद यात्रा में भक्त भक्त देवी मां के बज रहे भजनों पर नाचते हुए चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है के साथ अर्पण किए गए जहां पर ईसाइयों ने पुष्प पुष्प जलपान करवाते हुए देवी मां की प्रतिमा की आरती उतार कर पद यात्रियों को टीका कर रावणगी दी। वही भक्त मंडल सदस्य के विष्णु भगवान गुप्ता, दीपक, विष्णु सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 मार्च, सोमवार को निकाली गई यात्रा का पहला पर्यवेक्षण महू इब्राहिमपुर में किया गया था, जहां माता के भक्तों की आस्था के बीच भी माता के भक्तों की आस्था कम नहीं थी, लेकिन 24 मार्च सोमवार को माता के भक्तों की आस्था कम नहीं थी। वहीं राजराजेश्वरी मां कैला देवी करौलीवाली के कर परिवार में सुख, शांति, समृद्धि के दर्शन के साथ क्षेत्र में खुशहाली की अरदास करते हुए विश्व कल्याण की भावनाएं व्यक्त की गईं। अखंड ज्योति पदयात्रा का समापन, धार्मिक मूर्ति का पांचना बांध में नम आंखों के साथ विसर्जन किया गया, जहां अगले वर्ष सुबह जल्दी आ के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया गया। वही राजराजेश्वरी मां कैला देवी के इस लक्खी मंदिर में जिला पुजारी नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक राजनेता ज्योति उपाध्याय, मंदिर जादूगर प्रेमराज मीना सहित मंदिर के मंदिरों में एक सामाजिक आकर्षण पर अपनी नजरें बनाए रखी हैं।

### अंतरा कार्यक्रम का प्रशिक्षण संपन्न

**भरतपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जिले में चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिकल स्टाफ और सीएचओ के लिए अंतरा कार्यक्रम का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ. राहुल कौशिक और हरिओम पाठक द्वारा 30 चिकित्सा अधिकारियों, 44 पैरामेडिकल स्टाफ और 40 सीएचओ को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि अंतरा इंजेक्शन तीन महीने तक दंपत्तियों के लिए सुरक्षित साधन है। प्रशिक्षण ई-मॉड्यूल के माध्यम से दिया गया, जिसमें योग्य दंपत्तियों के चयन, परामर्श और संभावित प्रभावों की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर अति. सीएमएचओ डॉ. बी.एल. मीना ने सभी प्रशिक्षार्थियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के निर्देश दिए। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### पूर्व विधायक जाटव को सौंपा ज्ञापन

**सूरौठ, (निसं)।** सूरौठ तहसील कि ग्राम पंचायत सोमलारात्रा में वर्तमान में राजस्व ग्राम सोमली, सोमला, धंधावली है किंतु ग्राम पंचायत का वर्गीकरण कर नवीन ग्राम पंचायत का निर्माण करना प्रस्तावित है जिसमें यह है कि ग्राम पंचायत के गांव सोमली को पंचायत से अलग कर गांव खिजूरी को पंचायत बनाकर इसमें गांव सोमली को जोड़ने की मांग ग्राम खिजूरी के ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। जो कि न्यायोचित नहीं है, जिसमें ग्राम सोमली और खिजूरी के बीच में ठााम पंचायत खेडीहैवत पड़ती है तथा खिजूरी वर्तमान में खेडीहैवत पंचायत में सम्मलित है एवं खिजूरी की सोमली से दूरी 6 किलोमीटर है, व सन 2011 की जनगणना के अनुसार आज की जनसंख्या निम्न प्रकार है- जिसमें ग्राम पंचायत सोमला की जनगणना ग्राम सोमला- 1920 लगभग , व सोमली-2200 लगभग व धंधावाली- 3000 लगभग व ग्राम पंचायत खेडी हेवत-ग्राम खेडी हेवत-5400 लगभग व ग्राम खिजूरी 1815 लगभग व ग्राम सोमली व ग्राम सोमला के बीच की दूरी केवल 500 मीटर है।

# डिबस्या व बिनेगा के ग्रामीणों ने की अलग पंचायत बनाने की मांग

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बिनेगा और डिबस्या गांव के लोगों ने नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग करते हुए पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

वर्तमान में बिनेगा गांव टोकसी पंचायत का हिस्सा है। यह टोकसी से 8 किलोमीटर दूर है। डिबस्या गांव जाट बडौदा पंचायत में आता है। यह जाट बडौदा से 8-10 किलोमीटर दूर स्थित है। दोनों गांवों के बीच की दूरी मात्र 2-3 किलोमीटर है। ग्रामीणों का कहना है कि टोकसी और बिनेगा के बीच पुराने विवाद हैं। 1988 के पंचायत चुनाव में टोकसी के लोगों ने मतदान पेटियों में पानी भर दिया था। टोकसी बडा गांव होने के कारण वहीं से सरपंच चुना जाता है। बिनेगा के मतदाताओं को धमकाया जाता है और गांव में विकास कार्य नहीं होते। बिनेगा गांव गंगापुर सिटी-हिण्डौन नेशनल हाईवे पर स्थित है। बिनेगा और डिबस्या में कुल मिलाकर लगभग 3000 मतदाता हैं। दोनों गांवों के बीच पारंपरिक भाईचारा है। दूसरी ओर मोरपा पंचायत के ग्रामीणों ने एसडीएम और तहसीलदार से काजी कुण्डली को मोरपा पंचायत में बनाए रखने की मांग की है। मोरपा पंचायत में मोरपा, काजी कुण्डली और बाढ नाननवास शामिल हैं। यहां कुल 2600 मतदाता हैं। मोरपा और काजी कुण्डली की सीमाएं एक-दूसरे से सटी हुई हैं। मोरपा निवासी जीतराम और काजी कुण्डली निवासी अभिषेक मीना के मकानों की दीवार एक ही है। प्रशासनिक दृष्टि से भी दोनों गांव एक जैसे हैं। बाहर से आने वाले लोग इन्हें मोरपा कुण्डली के नाम से जानते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि काजी कुण्डली को किसी अन्य पंचायत में जोडना उचित नहीं होगा। गोठ गांव की पंचायत से काजी कुण्डली की दूरी सडक मार्ग से 15 किलोमीटर है। यह दूरी ग्रामीणों के लिए असुविधाजनक होगी। इसलिए काजी कुण्डली को मोरपा पंचायत में ही यथावत रखा जाए।



फोटो-1-गंगापुर सिटी। एसडीएम के रीडर को ज्ञापन देते ग्रामीण

# जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय स्थित बस ऑपरेटर धर्मशाला गुलाब बाग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवराज मीणा ने कि जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस प्रभारी व बसेड़ी विधायक संजय कुमार जाटव उपस्थित रहे।

बैठक में राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा नगर निकायों के परिसीमनपुनर्गठन और पंचायत राज संस्थाओं में जनभावनाओं की अनदेखी कर लिए गए जनविरोधी निर्णयों की कड़ी निंदा की गई। वक्ताओं ने सरकार की इन नीतियों को लोकतंत्र के विरुद्ध बताते हुए जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। बैठक में जिला प्रभारी संजय कुमार जाटव ने कहा कि परिसीमन में राजस्थान की भाजपा सरकार असंवैधानिक तरीके से वार्डों और पंचायतों का बंटवारा कर रही है। इसके खिलाफ प्रत्येक ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष आम जनता के साथ मिलकर गलत तरीके से किए गए वार्ड और पंचायतों के विभाजन पर आपत्तियां दर्ज कराएंगे और विरोध करेंगे। हम जनता की भावनाओं के खिलाफ जाकर भाजपा सरकार को मनमानी नहीं करने देंगे। बैठक के अंत में जिला कांठोस अध्यक्ष शिवराज मीणा ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 31 मार्च से 30 अप्रैल और 28 मार्च से 17 अप्रैल के दौरान होने वाली ठााम विकास, पंचायत राज एवं स्वायत्त शासन विभाग कि बैठकों में कांठोस कार्यकर्ता आम जनता के साथ मिलकर सरकार द्वारा गलत तरह से किए गए परिसीमन पर आपत्ति दर्ज कराकर विरोध करेंगे।' इन जनविरोधी निर्णयों के खिलाफ संगठित रूप से आपत्तियां दर्ज कराई जाएंगी। जिला कांठोस कमेटी ने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम जनता से आव्हान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की विफलताओं को उजागर करें। बैठक के समापन पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कांठोस कार्यकर्ता हर स्तर पर जनता की आवाज बुलंद करेंगे और सरकार की नीतियों के विरुद्ध व्यापक जन आंदोलन छेड़ेंगे। इस अवसर पर हिंडौन विधायक अनीता जाटव, प्रदेश महासचिव हुकुम मीणा, प्रदेश सचिव भूपेंद्र भारद्वाज, पुष्पेंद्र मीना, पूर्व पीसीसी सदस्य भगवानसहाय शर्मा , पीसीसी सदस्य महेंद्र सुरोठीया, शीशराम खटाना, जिला उपाध्यक्ष विशंभरदयाल शर्मा, रामेश्वर मुड़री, देवीसहाय दत्तात्रेय, भंवरलाल मीणा, सेवकराम डागोर, रामचरण खुरशटपूरा जिला महासचिव परसोत्तम बंसीवाल, रामचरण, जिला सचिव अफजल कुरेशी, वेदप्रकाश शर्मा जिला प्रमुख प्रतिनिधि राखीलाल बैरवा , प्रधान प्रतिनिधि जलधारी मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल माली, रामदयाल मीणा, कुंजबिहारी जिंदल, हरिराम बैरवा, योगेंद्र मावई, रविन्द्र बेनीवाल, ब्रिज किशोर शर्मा ऐआसीसी डाटा सेल कॉर्डिनेटर विशाल मीणा, सोशल मीडिया प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता मीना, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव राजबाई मीणा, उदय सिंह जाटव , लोकेश कंजौली, महिला कांठोस अध्यक्ष शरदों गुर्जर , आरजीपीआरस जिलाध्यक्ष चैनसिंह मीना, छैन्प् जिलाध्यक्ष राजेंद्र मनेमा, अमित जिंदल, रिजवान पार्षद, कुंजीलाल मीणा, रामगिलाश जाटव, शिवचरण जांगिड़, दिनेश झारेडा, नरेश गुर्जर, अखिलेश मामचारी, समयराज मीणा, हरगुण भोपर, सियाराम मीणा, अमृत लांगरा, सूरज सिंह गुर्जर, तारासिंह गुर्जर, केशव सैनी, लक्ष्मी मीना, ब्रह्म बाई, विष्णु मुडरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** उदेई मोड पुलिस ने शुक्रवार को मोबाइल लूटने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है। वहीं, आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई तीन बाइक भी बरामद की गई हैं। थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि रामस्वरूप बैरवा ने 26 मार्च को मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि 12 फरवरी की शाम उनके भाई से तीन बाइक पर सवार 7-8 लोगों ने मोबाइल छीन लिया था। आरोपियों ने कई अन्य लोगों के साथ भी ऐसी वारदात की। इस पर पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देश पर थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गंगापुर सिटी के कैलाश टॉकीज के पास से आफताब पुत्र फारूख को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही दो नाबालिगों को डिटेन किया गया है। थाना उदेईमोड में धारा 3०4(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम में हेड कॉन्स्टेबल जितेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल वीरेन्द्र सिंह, ब्रह्म सिंह और राजाराम शामिल थे।

### निरीक्षण किया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** उपकारागृह में शक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव समीक्षा गौतम ने निरीक्षण किया। उन्होंने जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बंदियों से बातचीत की।

जेलर सुखवीर सिंह ने बताया कि उपकारागृह में सफाई व्यवस्था के लिए न तो राज्य सरकार ने कोई कर्मचारी नियुक्त किया है और न ही नगर परिषद द्वारा सफाई करवाई जाती है। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। सचिव ने जेल में मौजूद 63 बंदियों से उनके मुकदमों और परिवार से संपर्क के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रिजन लीगल एड क्लिनिक का भी दौरा किया और जेल विजिटिंग लॉयर माया जैन से बंदियों को दी जा रही कानूनी सहायता के बारे में पूछताछ की।

# करणी सेना ने समाजवादी पार्टी के सांसद फूंका पुतला

■ राणा सांगा पर की थी सांसद ने टिप्पणी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा पर की गई टिप्पणी के विरोध में श्री राजपूत करणी सेना ने प्रदर्शन करते हुए सालौदा राजपूत नगर से रैली निकाली। रैली पुरानी चुंगी और फव्वारा चौक होते हुए मिनी सचिवालय तक पहुंची। प्रदर्शनकारियों ने सांसद का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि महाराणा सांगा भारत के गौरव और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों को रोकने का पहला प्रयास किया। करणी सेना ने सांसद रामजीलाल सुमन की राज्यसभा सदस्यता तत्काल समाप्त करने की मांग की है। साथ ही महापुरुषों के अपमान को रोकने के लिए कडे कानून बनाने की मांग की गई है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो क्षत्रिय समाज बडा आंदोलन करेगा। कृष्ण पाल जादौन, दीपू सिंह छावा, राजवीर सिंह, वीरा समेत कई प्रमुख नेता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सभी ने सांसद के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।

## सार-समाचार

### जिला स्तरीय कमेटी का गठन

**करौली, (निसं)।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले का सबसे प्रमुख मेला कैलादेवी का मेला है जो कि 26 मार्च से 12 अप्रैल तक आयोजित किया जावेगा। जिसमे राजस्थान के अलावा अन्य राज्य उत्तरप्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदे'ा एवं केन्द्र शासित प्रदेश दिल्ली से लगभग 30-40 लाख श्रद्धालु आते है। मेला संचालन के लिए चुनाव के तर्ज पर विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जैसे चुनाव के लिए अलग-अलग प्रकोष्ठ बनाया जाकर संचालित किये जाते है वैसे ही समस्त प्रकोष्ठ तीन माह पहले से ही जनवरी से अपना कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ कर चुके है। चुनावो में जैसे प्रत्येक सप्ताह समस्त प्रकोष्ठो की समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है उसी तरह मेले के सफल संचालन हेतु समस्त प्रकोष्ठो के कार्य निर्धारित टाईमलाईन अनुसार प्रारंभ किया जाकर नियमित रूप से समीक्षा बैठक भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेला कमेटी में अध्यक्ष के रूप में जिला कलेक्टर, सदस्य जिला पुलिस अधीक्षक, नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, अन्य सदस्य के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करौली, हिण्डौन, उपखण्ड अधिकारी करौली, हिण्डौन, सपोटरा, मण्डरायल, विकास अधिकारी पंचायत समिति करौली, मासलपुर, हिण्डौन, सपोटरा, मण्डरायल, तहसीलदार करौली, मासलपुर, हिण्डौन, सूरौठ, सपोटरा, मण्डरायल, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी, जेवीवीएनएल, सानिवि, उप पुलिस अधीक्षक कैलादेवी, जिला परिवहन अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक आरएसआरटीसी करौली, हिण्डौन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, आयुक्त नगर परिषद करौली, हिण्डौन, जिला रसद अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, कोषाधिकारी करौली, वरिष्ठ लेखाधिकारी जिला परिषद, कलक्ट्रेट, एस.एम. रेल्वे हिण्डौन सिटी, प्रबंधक मंदिर ट्रस्ट कैलादेवी सदस्य के रूप में रहेंगे। कमेटी के अन्तर्गत मेले के सफल संचालन के लिए क्रय एवं निविदा प्रकोष्ठ, तीर्थयात्री सुविधा प्रकोष्ठ, स्वचछता एवं साफ सफाई प्रकोष्ठ, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य प्रकोष्ठ, सडक मरम्मत एवं मार्ग निकास अधिकार प्रकोष्ठ तथा यातायात व मार्ग प्रबंधन प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

### हमले के दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** हिण्डौन सदर थाना पुलिस ने फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के 10 हजार एवं 3 हजार रूपये के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हिण्डौन सदर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 मार्च 2025 को बमनपुरा गांव निवासी चन्नी गुर्जर ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहा था। तभी घर के बाहर ट्रैक्टर में सवार होकर आए कुछ लोगों ने घर से निकलने वाले पानी को बंद करने की बात कहते हुए झगड़ा शुरू कर दिया। इस दौरान उसके परिवार के लोग भी बाहर आ गए। इसके बाद आरोपियों ने देसी कट्टे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से वह तथा उसका भाई राधेश्याम घायल हो गया। नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों पर इनाम घोषित कर दिया। थाना अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की गहनता से तलाश कर रही टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बयाना रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक गांव में खेतों में छुपे बैठे हैं तथा कहीं भागने की फिराक में है। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और 10 के इनामी भीम सिंह गुर्जर एवं 3000 के इनामी नरसी गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया।

### गुर्जर महापंचायत 8 को

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गुर्जर समाज की आम 84 महापंचायत 8 अप्रैल को होगी। यह पंचायत देवनारायण बालिका छात्रावास, शनिदेव मंदिर, ढाय बूचोलाई मोड, गंगापुर सिटी में सुबह 10 बजे से शुरू होगी। आम 84 गुर्जर समाज अध्यक्ष केदार मास्टर ने समाज के पंच पटेलों और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है। अध्यक्ष केदार मास्टर ने बताया कि महापंचायत में मेला ग्राउंड गंगापुर सिटी की भूमि को लेकर चर्चा होगी। महापंचायत में समाज हित से जुडे अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी।


**कार्यालय-प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं पदेन सदस्य सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी, राज. राजकीय चिकित्सालय हिण्डौन सिटी**

E-mail-chc hindon@yahoo.com phone:- 07469-230666

निविदा प्रपत्र क्रमांकः- लेखा/1854 जारी करने का दिनांक 28.3.2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए मानव संसाधन (क. ऑपरेटर, स्वीपर, हैल्पर, रेडियोग्राफर, चौकीदार, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट इलैक्ट्रीशियन,) एवं सामग्री (इलैक्ट्रीसीटी एवं वाटर, लैब रीजेन्ट, मेडिसन, प्रिन्टिग, स्टेशनरी, धुलाई, नल, एक्सरे) सम्बन्धित सामान उपलब्ध कराने हेतु निविदाय (ऑनलाईन एवं ऑफलाईन) दिनांक 31.03.2026 तक के कार्य हेतु दिनांक 07.04.2025 सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के सम्बन्ध में अन्य विवरण राजस्थान राज्य की उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं http//eproc.rajasthan.gov.in, पोर्टल पर देखे जा सकती है।

UBN:-MHS2425SLOB05785 TO MHS2425SLOB05797

सदस्य सचिव
राज. मेडीकेय रिलीफ सोसायटी
हिण्डौन सिटी



**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT KYARDA KHURD, PANCHYAT SAMITI HINDAUN. KARAULI**

No.20-21 Date:-27/3/2025

**PUBLIC NOTICE**

It is informed to the general public that in the inhabited land Khasra No. 721, 722 and 1494/1478 of Revenue Village Kyardakhurd Tehsil Hindaun owned by Gram Panchayat Kyardakhund an application was submitted to the Gram Panchayat by Shri Shishupal Singh Jadoun son of Chhotu Singh, resident of Vardhman Nagar Hindaun City And Halwasi of Village kyarda khurd for obtaining a new non-residential purpose lease by paying the fee if per the provisions mentioned in the circulaf number F.4. (1) Guidelines/Lease/Vidhi Park 2020/ 849 dated 30.09.2021 issued by the Rural Development and Panchayati Raj Department rajasthan, Jaipur. Action was taken as per rules in pursuance of the application received by the Gram Panchayat. It is proposed to issue a lease for non-residential use (for commercial purpose) to the applicant for change of residential land use to non-residential as per the provisions mentioned in the departmental circular as above, after receiving the fee mentioned in the said circular, regarding which the general public is informed that if any interested person/ institution has any objection regarding the land described as per the following details, then they can submit their objection along with evidence during aoffice hours, if no objection is received after the expiry of the due date, action will be taken to issue lease to the applicant as per rules.

| S. N. | Applica.nt's name and father | Revenue Village | Area of leased residential land whose change of use from residential to non-residential is sought under the provisions of departmental circular | Description of purpose from residential to non -residential |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Shri Shishupal Singh Jadoun son of Chotu Singh resident of Vardhman Nagar Hindaun City and currently resident of Kyarada Khurd | Kyarda khurd Tehsil Hindaun | 3033.43 SQM | Marriage hall/Restuarant /Guest house (for commercial purpose) |
| 2 | Shri Shishupal Singh Jadoun son of Chotu Singh resident of Vardhman Nagar Hindaun City and currently resident of Kyarada Khurd | Kyarda khurd Tehsil Hindaun | 260.85 SQM | Marriage hall/Restuarant /Guest house (for commercial purpose) |
| 3 | Shri Shishupal Singh Jadoun son of Chotu Singh resident of Vardhman Nagar Hindaun City and currently resident of Kyarada Khurd | Kyarda khurd Tehsil Hindaun | 125.41 SQM | Marriage hall/Restuarant /Guest house (for commercial purpose) |
| 4 | Shri Shishupal Singh Jadoun son of Chotu Singh resident of Vardhman Nagar Hindaun City and currently resident of Kyarada Khurd | Kyarda khurd Tehsil Hindaun | 260.85 SQM | Marriage hall/Restuarant /Guest house (for commercial purpose) |

Villedge Dovelopment Officer
Gram Pancayat Kyarda Khurd PS.-Hindaun City

Surpanch
Gram Pancayat Kyarda Khurd PS.-Hindaun City


### इनामी महिला आरोपी गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** करौली साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के 2000 रुपये के इनामी मुस्कान सहित दो महिला आरोपियों को राजकोट गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है।

करौली जिला पुलिस अधीक्षक प्रदेश ज्योति उपाध्याय द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गुमनाराम के सुपरविजन के तहत थाना अधिकारी हरिराम मीणा के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी मुस्कान हालेप्रोटा मुनाफ भाई पुत्री मुनाफ 24 निवासी लेखाजीराज श्रमजीवी समिति थाना थोराला राजकोट गुजरात और आदिल आसिफ भाई यूनानी पुत्र आसिफ 28 निवासी रंजीवाड़ा गली थाना थोराला राजकोट गुजरात एवं भार्गव दिलीप भाई चोटालिया पुत्र दिलीप परसोत्तम चोटालिया 22 को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस पूरी कार्यवाही में रीडर पुलिस उपअधीक्षक रेनू शर्मा व कांस्टेबल संदीप कि रही है वैसे टीम में थाना अधिकारी हरिराम मीणा, हैड कांस्टेबल नित्रेश कुमार, रेनू शर्मा, संदीप प्रदीप एवं महेंद्र शामिल हैं।

# कैलादेवी मेले के तीसरे दिन तक 9 लाख दर्शनार्थियों ने लिया दर्शन लाभ

**करौली, (निसं)।** कैलादेवी के चल रहे चैत्र नवरात्रा मेले के तीसरे दिन मेला परवान पर चढ़ा तीसरे दिन ढाई लाख दर्नाार्थियो के दर्शन लाभ लेने से मेले के तीन दिन मे दर्शनार्थियों की संख्या 9 लाख से अधिक पहुंच गई है।

हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी उत्तर भारत के सबसे प्रमुख तीर्थस्थल मां कैलादेवीजी का चैत्र नवरात्र मेला गत 26 मार्च से शुरू होकर आगामी 11 अप्रैल तक चलेगा जिस मेले में दर्शन करने वाले पद यात्रियों कि भीड़ मां की चैखट पर मत्था टेकने के लिए मां कैलादेवी के लांगुरिया गीतों के साथ-साथ रेला उमड़ना हुआ आ रहा है मेले के प्रथम दिन करीब तीन लाख दर्शनार्थियों ने और मेले के दूसरे दिन करीब 3:50 लाख यात्रियों ने एवं शुक्रवार को मेले के तीसरे दिन करीब ढाई लाख यात्रियों ने मां के दर्शन लाभ लिए इस प्रकार मेले के तीसरे दिन शुक्रवार तक 9 लाख से अधिक यात्रियों के दर्शन लाभ ले चुके हैं वैसे इस वर्ष देखने में आ रहा है की उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश से बहुत से श्रद्धालु मोटरसाइकिल ऑटो रिक्शा, थ्री व्हीलर से अधिक आ रहे हैं पिछले वर्षों में ऐसा देखने को नहीं मिला अधिकांश यात्री पदयात्रा पर और बड़े वाहनों से ही आते देखे गए लेकिन इस वर्ष मोटरसाइकिलों कि संख्या और ऑटो थ्री व्हीलर की संख्या अधिक देखी जा रही है कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के कंट्रोल रूम प्रभारी संतोष सिंह एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि इन तीन दिनों में वैसे तो कल 9 लाख श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन लाभ लिए हैं लेकिन मेले के तीसरे दिन संख्या पिछले वर्षों के मेले कि तुलना में कम देखी गई है उन्होंने बताया कि मेले के चैथे दिन शनिवार अमावस्या के दिन और पड़वा के दिन श्रद्धालुओं कि भीड़ उमडने की संभावना है क्योंकि कैलादेवी-करौली, हिण्डौन सड़क मार्ग पर पद यात्रियों की कतार टूट नहीं रही है कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के मुख्य परिचालन अधिकारी विवेक द्विवेदी, प्रबंधक प्रशासक चंद्रकांत कुडतकर, प्रबंधक स्थापना प्रदीप द्विवेदी, कार्यकारी अधिकारी किशन पाल सिंह, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर कैप्टन कल्याण सिंह, मेला कंट्रोल रूम प्रभारी एडवोकेट संतोष कुमार सिंह के अलावा मंदिर कर्मचारी यात्रियों कि सुविधाओं को लेकर दिन-रात लगे देखे जा रहे हैं और दर्शनार्थियों को किसी भी तरीके कि परेशानी नहीं हो पूरी निगरानी लगाए बैठे हुए हैं वैसे तो मंदिर ट्रस्ट कि ओर से मेले से 15 दिन पूर्व ही पूरी तैयारी कर ली गई थी जगह-जगह शीतल पेयजल कि व्यवस्था की गई जिसका श्रद्धालु पूरा लाभ ले रहे हैं बीच-बीच में कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल स्वयं कैलादेवी पहुंचकर मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों से यात्रियों कि सुविधाओं कि जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देते चले आ रहे हैं सोल ट्रस्टी ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि यात्री को किसी प्रकार की दर्शनों में परेशानी नहीं हो और मूलभूत सुविधाओं का पूरा-पूरा श्रद्धालुओं को लाभ मिले।



कैलादेवी के मेले में माता रानी के दर्नाो के लिए कतारों में खड़े श्रद्धालु।